# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Website: www.msdsu.ac.in

25.969427, 83.218566


पत्रांकः-1828/कु0का0/2025 दिनांक 19 जुलाई, 2025

## अधिसूचना

## शोध पात्रता परीक्षा – 2024-25

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़, उ.प्र. में परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित विषयों में संचालित होने वाले पी-एच. डी. कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली शोध पात्रता परीक्षा (2024-25) के लिये अर्ह अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। आवेदन सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार हैं-

| क्रमांक | विवरण | तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन करने की तिथि | 19.07.2025 |
| 2 | आवेदन करने की अन्तिम तिथि | 09.08.2025 |
| 3 | प्रवेशपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 25.08.2025 |
| 4 | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 30.08.2025 |

उक्त कार्यक्रमों हेतु विषयवार रिक्त सीटें, अर्हता, प्रवेश परीक्षा, प्रवेश शुल्क एवं प्रवेश प्रक्रिया आदि से सम्बन्धित विस्तृत विवरण **"शोध परीक्षा पात्रता विवरणिका"** विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsu.ac.in/ पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित प्रामाणिक सूचनाओं के लिये नियमित रूप से विश्वविद्यालय की उक्त बेवसाइट को देखते रहें। परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित विषयों की प्रवेश परीक्षा महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़, उ.प्र. में संचालित सम्बंधित विषय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

संलग्नक - शोध पात्रता परीक्षा विवरणिका।

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

01 कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

02 समन्वयक, शोध पात्रता परीक्षा 2024-25 को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

03 दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा के सम्मानित सम्पादकगण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को अपने अपने प्रतिष्ठित समाचारपत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

04 मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराते हुए प्रचारित-प्रसारित कराना सुनिश्चित करें।

05 प्रभारी वेबसाइट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

06 गार्डफाइल।

कुलसचिव

KPM 19/7/25